# कार्यालय– पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)।

**Mob./ 9068708770** E-Mail id: aanchalcattlefeed@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेन्ट

पुनः निविदा सूचना संख्या–05(1–6)**CFP/RawMaterial/MMSalts/24-25,Date-29/08/2024**

## मिनरल मिक्सचर में प्रयुक्त होने वाले अवयवों की आपूर्ति हेतु

## पुनः अल्पकालिक निविदा

| क.सं. | विवरण | कुल मात्रा (कि0 ग्राम) | निविदा की वैधता अवधि |
|---|---|---|---|
| 01. | कॉपर सल्फेट | 1100 कि0ग्रा0 | निविदा खोलने के तीस दिन बाद तक |
| 02. | डी0सी0पी0 (रॉक बेस) | 173000 कि0ग्रा0 | |
| 03. | मैग्नीज सल्फेट | 1100 कि0ग्रा0 | |
| 04. | पोटेशियम आयोडाइड | 55 कि0ग्रा0 | |
| 05. | सोडियम थायो सल्फेट | 11950 कि0ग्रा0 | |

# अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

**पुनः निविदा सूचना संख्या – 05(1-06) /RawMaterial/MM Salts/CFP/2024-25,Date-29/08/2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा के द्वारा Two Bid System के अर्न्तगत पशु आहार निमार्णशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में मिनरल मिक्सचर उत्पादन के लिये प्रयुक्त होने वाले अवयवों व मेज कॉब्स के आपूर्तिकर्ताओं/निर्माताओं/फर्मो से दिनांक 05–09–2024 के सांय **05.00** बजे तक पुनः अल्पकालिक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 06–09–2024 की प्रातः **11.00**बजे यू0सी0डी0एफ0 कार्यालय मंगल पडाव हल्द्वानी में खोली जायेगी।

तालिका क्र. 1

| क.सं. | कच्चा माल विवरण | कुल मात्रा | धरोहर धनराशि ₹ | निविदा शुल्क **GST** सहित ₹ | आपूर्ति शैड्यूल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | कॉपर सल्फेट | 1100 कि0ग्रा0 | 5400 | 590 | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| 02. | डी0सी0पी0 (रॉक बेस) | 173000 कि0ग्रा0 | 155000 | 4720 | |
| 03. | मैग्नीज सल्फेट | 1100 कि0ग्रा0 | 1300 | 590 | |
| 04. | पोटेशियम आयोडाइड | 55 कि0ग्रा0 | 5000 | 590 | |
| 05. | सोडियम थायो सल्फेट | 11950 कि0ग्रा0 | 16800 | 1180 | |
| 06. | मेज कॉब्स् | 2500 कु0 | 58500 | 2360 | |

नोट–निविदा की शर्ते तथा उपलब्धता एंव प्रस्तुतीकरण का तरीका–

निविदा प्रपत्रों का मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार जी.एस.टी. सहित, प्रति आइटम, निविदा प्रपत्र Online E-tender की वेबसाइट **https://www.uktenders.gov.in** पर उपलब्ध है, तथा यही से Download एंव Upload किये जा सकते हैं। ई–निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी (निविदा संशोधन सूचना/निविदा से संबधित अन्य सूचना) उक्त वेबसाइट के समय–समय पर अद्यतन से प्राप्त की जा सकती हैं। ई–निविदा वेबसाइट पर दिनांक 30–08–2024 से उपलब्ध रहेगी।

ह0

सामान्य प्रबन्धक
पशु आहार निमार्णशाला
रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

# कार्यालय– पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)।

ई–प्रोक्योरमेन्ट कार्यक्रम

## मिनरल मिक्सचर में प्रयुक्त होने वाले अवयवों की आपूर्ति हेतु पुनः अल्पकालिक ई–निविदा का आमंत्रण

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का क्रय मूल्य | तालिंका क्र. **1** के अनूसार |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **https://uktenders.gov.in** पर निविदा जारी होने की तिथि | 30/08/2024 से |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने की विधि | निविदा प्रपत्र ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://uktenders.gov.in पर Online दिनांक 30/08/2024 से उपलब्ध होंगे। निविदादाता का वेबसाईट पर रजिस्टर होना अनिवार्य होगा, जिसकी सेवा निःशुल्क उपलब्ध है। निविदा को आन लाईन जमा करने के लिए निविदादाता के पास Digital Signature Certificate (DSC) होना आवश्यक है। DSC किसी भी सरकार द्वारा अधिकृत संस्था से प्राप्त की जा सकती है, जिसके विषय में जानकारी https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है।<br>निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं यथा निविदा में सुधार, निविदा का निरस्तीकरण इत्यादि https://uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।<br>निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य एवं धरोहर धनराशि पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधम सिंह नगर) के कार्यालय में **दिनांक 05/09/2024** की **सांय 5.00** बजे तक भौतिक रूप से स्वयं/प्रतिनिधि के माध्यम/कोरियर/डाक द्वारा प्रस्तुत/ जमा करने होगें। इसके उपरान्त भौतिक रूप से निविदा स्वीकार नही की जायेगी।<br>यू0सी0डी0एफ0 द्वारा ई– प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर प्राप्त निविदाओं में से उन्हीं निविदाओं को खोला जायेगा, जिनके निविदा क्रय मूल्य एवं धरोहर धनराशि की मूलप्रति पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधम सिंह नगर) के कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त होंगे।<br>निविदा प्रपत्र में वांछित समस्त अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि स्केन करके ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है। निविदा क्रय मूल्य एंव धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट /एफ0डी0आर0 को आनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा में दी गई दरें बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ)में भर कर ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है।<br>निविदा क्रय मूल्य एवं धरोहर धनराशि ड्राफ्ट/FDR की मूल प्रति के अतिरिक्त अन्य कोई भी वांछित अभिलेख आफ लाईन स्वीकार नहीं होंगे। यदि उपरोक्त धनराशि इस संस्था के खाते में आनलाईन भेजी गयी है तो इसकी जानकारी E-Mailके माध्यम से इस संस्था को दी जानी अनिवार्य है ताकि निविदा खोले जाने की तिथि से पूर्व इसकी पुष्टि की जा सके।<br>खाते का विवरण इस प्रकार है–<br>CATTLE FEED FACTORY<br>A/C NO. 176010200004817<br>IFSC CODE- UTIB0000176 (5th to 8th digit are zero)<br>BANK NAME- AXIS BANK RUDRAPUR<br>(U.S.NAGAR) UTTRAKHAND |

| | |
|---|---|
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल परनिविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **05/09/2024** को साँय **05.00**बजे तक |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | **06/09/2024** को प्रातः **11.00**बजे से |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर वित्तीय निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | तकनीकी विड खोलने के उपरान्त । |
| निविदा खुलने का स्थान | उत्तराखण्ड सहकारी डेरी फेडरेशन लि0, मंगल पड़ाव, हल्द्वानी, नैनीताल |

# कार्यालय–पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधम सिंह नगर)

## मिनरल मिक्चर उत्पादन हेतु क्रय किये जाने वाले अवयवों के शैडयूल का विवरण

| क0 स0 | कच्चा माल | क्रय की जाने वाली मात्रा | सितम्बर 2024 | अक्टूबर 2024 | नवम्बर 2024 | दिसम्बर 2024 | जनवरी 2025 | फरवरी 2025 | मार्च 2025 | अप्रैल 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **01** | कॉपर सल्फेट | 1100 किग्रा0 | - | 550 | - | - | 550 | - | - | - |
| **02** | डी0सी0पी0 (रॉक बेस) | 173000 किग्रा0 | 35000 | 25000 | 30000 | - | 25000 | 28000 | | 30000 |
| **03** | मैग्नीज सल्फेट | 1100 किग्रा0 | - | - | - | 1100 | - | - | - | - |
| **04** | पोटेशियम आयोडाइड | 55 किग्रा0 | - | - | - | - | - | 55 | - | - |
| **05** | सोडियम थायो सल्फेट | 11950 किग्रा0 | 4000 | - | - | 4000 | - | 3950 | - | - |

( अ)

तकनीकी बिड में निविदा प्रपत्र का मूल्य एंव धरोहर धनराशि का ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 को मूलरूप में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य हैं। जिन्हें आनलाईन भी अपलोड करना अनिवार्य है, इसके अतिरिक्त निम्न प्रमाण पत्रों को आनलाइन अपलोड किया जाना अनिवार्य हैं।

(क) फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन (स्वप्रमाणित)
(ख) यदि फर्म में साझीदारी है, तो उसकी प्रमाणित छायाप्रति (साझीदारी डीड)/प्रोपराईटर
(ग) पैन कार्ड (स्वप्रमाणित)
(घ) आधार कार्ड (स्वप्रमाणित)
(ङ) निविदा मूल्य **ड्राफ्ट/ आनलाईन(आर0टी0जी0एस0,/एन0ई0एफ0टी0, अन्य माध्यम)**
(च) धरोहर धनराशि का **ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/आनलाईन(आर0टी0जी0एस0,/एन0ई0एफ0टी0, अन्य माध्यम)**
(छ) टर्न ओवर के प्रमाण हेतु वर्ष 2022–23 अथवा 2023–24 की आडिटेड बैलन्ससीट (स्वप्रमाणित)
(ज) मिनरल मिक्चर अवयवों की आपूर्ति हेतु अनुभव का प्रमाण
(झ) निविदा स्वीकृति पत्र **"अनुलग्नक–अ"**।
(ञ) किसी भी संस्था से प्रतिबंधित (blacklist/Debarred) नहीं होने का प्रमाण पत्र संलग्नक–01 के अनुसार (100 रू के नॉन ज्यूशियल स्टाम्प पेपर पर )

उपरोक्त तकनीकी विड के साथ स्कैन/संलग्न किये गये प्रपत्रों की चैक लिस्ट (कृपया निम्न तालिका पर संलग्न पप्रत्रों के आगे सही/टिक निशान लगायें –

| कम सं | प्रपत्र विवरण | ✓ सही/टिक का निशान |
|---|---|---|
| क | फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन प्रपत्र (स्व प्रमाणित) | |
| ख | यदि फर्म में साझीदारी है, तो उसकी प्रमाणित छायाप्रति (साझीदारी डीड)/प्रोपराटर | |
| ग | पैन कार्ड (स्व प्रमाणित) | |
| घ | आधार कार्ड (स्व प्रमाणित) | |
| ङ | निविदा मूल्य **ड्राफ्ट/आनलाईन(आर0टी0जी0एस0,/एन0ई0एफ0टी0, अन्य माध्यम)** | |
| च | धरोहर धनराशि **(EMD)** की **ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0/आनलाईन** | |
| छ | टर्न ओवर के प्रमाण हेतु वर्ष 2022–23 अथवा 2023–24 की आडिटेड बैलेन्ससीट | |
| ज | मिनरल मिक्चर अवयवों, की आपूर्ति हेतु अनुभव का प्रमाण | |
| झ | निविदा स्वीकृति पत्र **"अनुलग्नक–अ"**। | |
| ञ | किसी भी संस्था से प्रतिबंधित (blacklist/Debarred) नहीं होने का प्रमाण पत्र **"अनुलग्नक–ब"** के अनुसार (100 रू के नॉन ज्यूशियल स्टाम्प पेपर पर ) | |

तकनीकी बिड में माँगे गये प्रपत्रों के पूर्ण होने पर ही सम्बन्धित निविदादाता की वित्तीय बिड खोली जायेगी।

(ब) वित्तीय बिड –

इसमें निविदा में दिये गये दर अंकन प्रपत्र में मिनरल मिक्चर अवयवों की आईटमवार पृथक–पृथक दरें आनलाइन दी जानी हैं।

सामान्य प्रबन्धक,
पशु आहार निर्माणशाला
रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

# मिनरल मिक्सचर में प्रयूक्त होने वाले अवयवों की आपूर्ति हेतु सामान्य शर्तें

1– पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर द्वारा मिनरल मिक्सचर में प्रयूक्त होने वाले अवयवों की आपूर्ति निर्धारित गुणवत्ता के मापदण्डों के अनुसार उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।

2–निविदा 02 विड सिस्टम के अर्न्तगत आंमत्रित की जाती है। जिसमें तकनीकी विड एंव वित्तीय विड अलग–अलग निम्न प्रकार से प्रेषित करनी होंगी।

3– मिनरल मिक्सचर में प्रयूक्त होने वाले अवयवों के विभिन्न कन्साइनमेंट की आपूर्ति पशुआहार निर्माणशाला को करते समय आपूर्तिकर्ता द्वारा डिलीवरी चालान तथा बीजक 02 (दो) प्रतियों में प्रस्तुत किया जायेगा, जिसमें पशुआहार निर्माणशालाद्वारा निर्गत किये गये क्रय आदेश संख्या आपूर्ति किये जा रहे कच्चा माल का विवरण, ट्रक नम्बर तथा मात्रा का स्पष्ट उल्लेख किया जायेगा ।

4–संलग्न–01 (Specificaitons) स्पेसीफिकेशन में उल्लेखित मिनरल मिक्सचर अवयव निर्धारित मानको पर ही स्वीकार किया जायेगा।

5–निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में निर्धारित प्रति आइटम की दर से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/शैड्यूल बैंक/भारतीय डाक घर की एफ.डी.आर./डिमाण्ड ड्राफ्ट/अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में कैटल फीड फैक्ट्री रूद्रपुर के नाम देय या बन्धक हो, धरोहर धनराशि के रूप में जमा कर, निविदायें दी जा सकती है। धरोहर धनराशि का विवरण निविदा सूचना में अंकित है।

06– आपूर्तिकर्ता को पशुआहार निर्माणशाला रूद्रपुर के स्तर से उपलब्ध करायी गई विभिन्न मिनरल मिक्चर अवयवों की स्पेसीफिकेशन एवं कटौती की शर्तों का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिए । साथ ही आपूर्तिकर्ताओं द्वारा स्पेसीफिकेशन सीट पर स्वीकारोक्ति के रूप में हस्ताक्षर करके उसकी एक प्रति पशुआहार निर्माणशाला को लौटानी होगी जिसके आधार पर यह माना जायेगा कि सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता समस्त मिनरल मिक्चर अवयवों की आपूर्ति निर्धारित गुणवत्ता मापदण्डों के अनुरूप ही करेंगे।यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा क्रय आदेश की प्रतिलिपि क्रय आदेश निर्गत होने की तिथि से 07 दिन के अन्दर प्रति हस्ताक्षरित करके नही लौटायी जाती है तो यह माना जायेगा, कि आपूर्तिकर्ता को क्रय आदेश स्वीकार नही है, तथा आपूर्तिकर्ता की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

07– समस्त अवयव संलग्न स्पेसीफिकेशन के अनुरुप होने चाहिये जिसका रासायनिक विश्लेषण एन0डी0डी0बी0 द्वारा किया जायेगा। जो कि दोनो पक्षों को मान्य होगा। यदि आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा अन्यत्र प्रयोगशाला द्वारा Retesting हेतु अनुरोध किया जाता है तो ऐसी दशा में उसके व्यय पर नीचे दर्शायी गई बाहरी प्रयोगशालाओं एवं भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में से किसी एक प्रयोगशाला मे आपूर्ति किये गये अवयव का नमूना दूसरे टेस्ट के लिए भेज दिया जायेगा। और प्रथम प्रयोगशाला रिर्पोट व द्वितिय प्रयोगशाला रिर्पोट के औसत के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा। यदि दोनो पक्षों में से कोई भी पक्ष दूसरी रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं होता है तो ऐसी दशा में जो पक्ष दूसरी रिपोर्ट से भी संतुष्ट नहीं होता उस पक्ष के व्यय पर नीचे दर्शायी गई बाहरी प्रयोगशालाओं एवं भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में से किसी एक प्रयोगशाला मे आपूर्ति किये गये अवयव का नमूना तीसरे टेस्ट के लिए भेज दिया जायेगा तथा दोनों नजदीकी प्रयोगशाला रिर्पोट के औसत के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।

01 मै0 ईटा लैब प्राइवेट लि0, माहरा हाउस, 15 कवासजी पटेल स्ट्रीट,फोर्ट मुम्बई 400009 ।

02 मैं0 श्री राम इस्टीटयूट और इण्डस्ट्रीयल रिसर्च, 19 यूनिवर्सिटी रोड दिल्ली 110007 ।

03 मै0 एस0जी0एस0 इण्डिया प्रा0 लि0, एस0जी0एस0 हाउस, नेरोबी परदून जी रोड मुम्बई 400001 ।

04 मै0 जी0आर0 पारिख एण्ड कम्पनी, 191 सेम्वल स्ट्रीट, मुम्बई 400001

05 मै0 जी0 ओ0 कैम लेबोरेट्रीज प्रा0 लि0, 294 शहीद भगत सिंह मार्ग फोर्ट मुम्बई 400001 ।

**08**– आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति किये गये अवयवों के प्रत्येक कन्साइनमेंट के चार नमूने पशुआहार निर्माणशाला द्वारा लिये जायेंगे। आपूर्तिकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि यदि नमूने लिये जाने के समय उपस्थित रहते हैं तो उन्हें एक सील्ड नमूना उपलब्ध करा दिया जायेगा, दूसरा नमूना निर्माणशाला द्वारा टेंस्टिंग हेतु एन0डी0डी0बी0 भेजा जायेगा । तीसरा नमूना सील्ड करके पशुआहार निर्माणशाला के पास (03) तीन माह तक सुरक्षित रखा जायेगा तथा इस अवधि के बाद नमूने नष्ट कर दिये जायेंगे एवं इसके पश्चात किसी भी आपूर्ति कर्ता से गुणवत्ता के समबन्ध में कोई भी शिकायत स्वीकार नहीं की जायेगी ।

**09**–आपूर्तिकर्ताओं को उनके द्वारा आपूर्ति किये गये अवयवों में से स्वीकार किये गये अवयवो का भुगतान एन0 डी0डी0बी0 गुजरात से रासायनिक परिक्षण की रिर्पोट प्राप्त होने अधिकतम दो माह के अन्दर किया जायेगा ।

**10**– सामान नमी रोधक पैकिंग व मैट्रिरियल का नाम पैकिंग के बाहर स्पष्ट होना चाहिये तथा उसमें किसी भी प्रकार अपमिश्रण व नमी स्वीकार नही होगी।

**11**– सभी अवयवों के कन्साइन्मेण्ट को जो पशुआहार निर्माणशाला रूद्रपुर के स्पेसीफिकेशन के अनुरूप नहीं हैं, को पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से रिजेक्ट करने का अधिकार पशुआहार निर्माणशाला रूद्रपुर सुरक्षित रखती है। इस प्रकार रिजेक्ट मिनरल मिक्चर अवयवों को अधिकतम एक माह की अवधि के लिए पशुआहार निर्माणशाला में आपूर्तिकर्ता की जिम्मेंदारी पर रखा जायेगा । आपूर्तिकर्ता को उक्त अवधि के अन्दर सम्बन्धित रिजेक्ट मिनरल मिक्चर अवयवों को वापस उठा लेना होगा । यदि इस अवधि के अन्दर आपूर्तिकर्ता द्वारा सम्बन्धित रिजेक्ट मिनरल मिक्चर अवयवों को वापस नहीं उठाया जाता है तो ऐसी दशा में पशुआहार निर्माणशाला को यह अधिकार होगा कि उक्तानुसार रिजेक्ट माल का निस्तारण अपने स्तर से कर दे । इस प्रकार से रिजेक्ट माल के निस्तारण किये जाने कि दशा में पार्टी की तरफ से किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा ।

**12**– निविदा होने के अधिकतम एक माह के अन्दर क्रय आदेश निर्गत किया जायेगा । क्रय आदेश निर्गत किये जाने के दिनांक से अधिकतम सात दिन के बाद से पशुआहार निर्माणशाला इकाई को उनके द्वारा दिये गये शैडयूल के अनुसार आपूर्ति करनी होगी, तथा मासिक शैडयूल की मात्रा को उस माह के कुल दिनों में विभाजित करते हुये प्रतिदिन के आधार पर आपूर्ति करना होगा।

**13**– यदि किसी आपूर्तिकर्ता द्वारा क्रय आदेश में दिये गये डिलीवरी शैडयूल के अनुसार मिनरल मिक्सचर के अवयवों की आपूर्ति नहीं की जाती है, अथवा आपूर्ति किया गया अवयव निर्धारित गुणवत्ता मानक के अनुसार नहीं पाया जाता है तो ऐसी दशा में पशुआहार निर्माणशाला द्वारा आवश्यकतानुसार मिनरल मिक्सचर का उत्पादन अनवरत जारी रखने हेतु सम्बन्धित अवयवों को रिस्क परचेज प्रणाली के अन्तर्गत क्रय कर लिया जायेगा एवं रिस्क परचेज में अन्तर की धनराशि की कटौती, पार्टी की जमानत धनराशि अथवा पार्टी के लम्बित बिलों की धनराशि से कर ली जायेगी। यदि रिस्क परचेज के अन्तर की धनराशि पार्टी की जमानत धनराशि तथा लम्बित बिलों की राशि से अधिक है तो ऐसी दशा में इस प्रकार की राशि पार्टी से न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वसूल की जायेगी। यदि रिस्क परचेज करने की आवश्यकता नहीं होती है तो ऐसी दशा में आपूर्ति हेतु दिये गये शैड्यूल की अन्तिम तिथि के बाद अधिकतम 30 दिन का समय पार्टी को कच्चा माल आपूर्ति हेतु उपलब्ध रहेगा। इसके उपरान्त आपूर्ति किये गये कच्चा माल पर 2 प्रतिशत प्रति 15 दिन की दर से पेनाल्टी लगायी जायेगी। इस प्रकार प्रथम दिन से विलम्ब के लिए 2 प्रतिशत एवं 15 वें दिन से 04 प्रतिशत की दर से लेट सप्लाई/पेनाल्टी की कटौती पार्टी से की जायेगी। यह लेट सप्लाई/पेनाल्टी पार्टी द्वारा आपूर्ति हेतु आदेशित मात्रा के अतिरिक्त 10 प्रतिशत बढी हुई सीमा के अन्दर आपूर्ति किये गये अवयवों की मात्रा पर भी लागू होगी। परन्तु जो मात्रा रिस्क परचेज प्रणाली के अर्न्तगत क्रय कर ली जायेगी, पर लेट सप्लाई पेनाल्टी नहीं काटी जायेगी। यदि पार्टी के स्तर से इसके बाद भी अवयवों की आपूर्ति नहीं की जाती है तो ऐसी दशा में क्रयादेश भी निरस्त किया जा सकता है तथा अवशेष मात्रा पर 10 प्रतिशत की दर से नोन सप्लाई पेनाल्टी को पार्टी की जमानत धनराशि/लम्बित बिलों से कटौती कर लिया जायेगा एवं आपूर्तिकर्ता फर्म को ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता हैं।

**14**–उपरोक्त निविदा प्रपत्र में उल्लेखित समस्त शर्तें आपूर्तिकर्ता एवं पशुआहार निर्माणशाला रूद्रपुर के बीच लागू मानी जायेंगी। आपूर्तिकर्ता द्वारा यदि उनमें किसी प्रकार का संशोधन उनकी तरफ से प्रस्तावित किया जाता है तो यह पशुआहार निर्माणशाला रूद्रपुर के ऊपर लागू नहीं होगा।

15. सफल निविदादाता को कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि (Performance Security) के रूप में कच्चे माल के कुल मूल्य की 05 प्रतिशत धनराशि को निविदा स्वीकृत सम्बन्धी आदेश निर्गत होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर ''ऑचल'' पशु आहार निर्माणशाला, किच्छा बाई पास रोड, रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) के पक्ष में एफ0डी0आर0/डिमाण्ड ड्राफ्ट या आर0टी0जी0एस0 के रूप में जमा करानी होगी।

16–यह कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) में निविदा प्रकाशन की दिनांक तक रजिस्टर्ड फर्मो को उत्तराखण्ड शासन की क्रय वरीयता नीति 2019–शासनादेश सं0 1542/VII–3–19/143–उद्योग,2/2003 दिनांक 20 अगस्त 2019 की शर्तो के अनुरूप निविदा में छूट प्रदान की जाएगी। पंजीकृत फर्म/निविदादाता को तद्सम्बन्धी अभिलेख पोर्टल पर अपलोड कराना होगा। निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म को कच्चे माल हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि पशुआहार निर्माणशाला रूद्रपुर के पक्ष में एफ0डी0आर0/डिमाण्ड ड्राफ्ट या आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा करायी जानी अनिवार्य होगी, तद्उपरान्त ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

17–निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म को मिनरल मिक्चर अवयवों हेतु निर्धारित कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि पशुआहार निर्माणशाला रूद्रपुर के पक्ष में एफ0डी0आर0/डिमाण्ड ड्राफ्ट या आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा करायी जानी अनिवार्य होगी, तथा निविदादाता को संस्था के साथ ₹100.00 के नॉन ज्यूशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा। कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि जमा करने तथा अनुबन्ध औपचारिकताए पूर्ण होने के बाद ही क्रय आदेश निर्गत किया जायेगा।

18–अवकाश के दिनों में माल स्वीकार नहीं किया जायेगा। विशेष परिस्थितियों में ही आपूर्तिकर्ता के लिखित अनुरोध पर ही अवकाश के दिनों मे माल स्वीकार करने पर विचार किया जायेगा।

19–उपरोक्त शर्तों के अनुसार निर्गत किये गये क्रय आदेशों तथा उनमें दिये गये आपूर्ति सम्बन्धी निर्देश आपूर्तिकर्ता एवं क्रेता के बीच में हुए अनुबन्ध के अभिन्न अंग माने जायेंगे।

20– आपूर्तिकर्ताओं को उनके द्वारा आपूर्ति किये गये मिनरल मिक्सचर अवयवों में से स्वीकार किये गये माल का भुगतान अधिकतम दो माह के अन्दर किया जायेगा । तथा मिनरल मिक्सचर अवयवों की अनलोडिंग फर्मो द्वारा ही देय होगी।

21– मिनरल मिक्सचर अवयवों की विशिष्टियॉ (Specificaitons) निविदा के अन्त में दिये गये विवरण के अनुसार होनी चाहिए।

22–संस्था में कार्यपूर्ति प्रतिभूति को मिनरल मिक्सचर अवयवों की, आदेशित मात्रा के अनुसार आपूर्तित करने के पश्चात आपूर्ति समाप्त के बाद वापस किया जायेगा उक्त में यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि संस्था के लेजर से हिसाब का मिलान हुआ कि नहीं , हिसाब का मिलान ना होने की स्थिति में कार्यपूर्ति प्रतिभूति को वापस करने का अधिकार संस्था के पास सुरक्षित रहेगा।

23– यदि सफल निविदादाता द्वारा निविदा स्वीकृत होने के उपरांत संस्था में कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि जमा कराते हुये अनुबंध नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में निविदादाता/फर्म पर कार्यवाही की जायेगी।

24–निविदा प्रक्रिया उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 (यथा संशोधित 2019) के अनुसार की जायेगी।

25– सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नही की जायेगी।

26– संस्था द्वारा प्रतिबंधित निविदादाता/फर्म की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदादाता/फर्म द्वारा किसी भी संस्था से प्रतिबंधित (blacklist/Debarred) नहीं होने का प्रमाण पत्र अनुलग्नक–02 के अनुसार (100 रू के नॉन ज्यूशियल स्टाम्प पेपर पर ) आनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा।

27– सफल निविदादाता को संस्था की **(ख श्रेणी)** की सदस्यता शुल्क ₹100.00 संस्था में जमा करना होगा।

28– मिनरल मिक्सचर अवयवों का वजन NET WEIGHT के आधार पर लिया जायेगा। जिस हेतु वाहन से 10 खाली बैगों का औसत वजन लिया जायेगा। तत्पश्चात वाहन में कुल बैगों की संख्या को औसत वजन से गुणाकर खाली बैगों का वजन प्राप्त होगा। इस प्रकार मिनरल मिक्सचर अवयवों के GROSS वजन से खाली बैगों के वजन को कम करके NET WEIGHT वजन दिया जायेगा। तथा फर्म द्वारा आपूर्ति किये गये कच्चे माल के बैगों को खाली होने के उपरांत 15 दिवस के भीतर संस्था से उठाना होगा। यदि खाली बैगों को फर्म द्वारा ससमय नहीं उठाया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में खाली बैगों का निस्तारण पशु आहार निर्माणशाला द्वारा कर दिया जायेगा ।

29–निविदादाता फर्म का टर्न ओवर विगत वर्ष में कुल निविदा मूल्य से कम नहीं होना चाहिए।

**टर्न ओवर के प्रमाण हेतु वर्ष 2022–23 अथवा 2023–24 की स्वप्रमाणित आडिटेड बैलेन्स सीट प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।**

30–निविदादाता द्वारा पूर्व के वर्षों में मिनरल मिक्सचर अवयवों की आपूर्ति का अनुभव होना आवश्यक है।

31– निविदा की वैधता अवधि निविदा खोलने के 30 दिन तक मान्य होगी।

32– पुनः <u>निविदा सूचना संख्या – **03(1-11) /RawMaterial/MM Salts/Bhusa/CFP/2024-25,Date-30/04/2024**</u> से प्रकाशित निविदा में प्रतिभाग किये गये **सफल निविदादाताओं** को **पुनः निविदा** में प्रतिभाग करने पर निविदा **शुल्क में छूट** प्रदान की जायेगी।

33– यदि आपूर्ति के समबन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसे निबन्धक, दुग्ध सहकारी समितियॉ, डेरी विकास विभाग मंगलपडाव हल्द्वानी (नैनीताल) को सन्दर्भित किया जायेगा एवं उनके द्वारा किया गया निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा ।

सामान्य प्रबन्धक,
''ऑचल'' पशु आहार निर्माणशाला
रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)।

हस्ताक्षर..............................
नाम निविदादाता ..................................
पता........................

## <u>अनुलग्नक– 'अ'</u> – निविदा स्वीकृति पत्र

### (फर्म / कंपनी / निविदादाता के लेटर हेड पर दिया जाना है)

सेवा में,

सामान्य प्रबन्धक
पशु आहार निर्माणशाला
रुद्रपुर ( यू.एस.नगर )
उत्तराखंड–263153

विषयः–निविदादाता फर्म द्वारा निविदा की शर्तों एवं नियमों की स्वीकृति।
निविदा सूचना संख्याः.............................................................................................................
निविदा / कार्य का नामः–..........................................................................................................................

महोदय,

1. मैंने / हमने उपर्युक्त 'निविदा / कार्य' के लिए निविदा दस्तावेज वेब साइट से डाउनलोड / प्राप्त कर लिया है, अर्थात........................................................................................................
उपरोक्त वेबसाइट में दिए गए आपके विज्ञापन के अनुसार।

2. मैं / हम प्रमाणित करते हैं कि मैंने / हमने निविदा दस्तावेजों के पृष्ठ संख्या ...............से...............तक (अनुलग्नकों / अनुसूची, आदि जैसे सभी दस्तावेजों के संपूर्ण नियम और शर्तों को पढ़ लिया है, जो अनुबंध समझौते का हिस्सा हैं और मैं / हम इसमें निहित नियमों / शर्तों / खंडों का पालन करेंगे।

3. इस निविदा स्वीकृति पत्र को प्रस्तुत करते समय आपके विभाग / संगठन द्वारा समय–समय पर जारी किए गए शुद्धिपत्रों को भी ध्यान में रखा गया है।

4. उपर्युक्त निविदा दस्तावेजों / शुद्धिपत्रों की निविदा शर्तों को बिना शर्त पूर्णतः स्वीकार करते हैं।

5. यदि इस निविदा के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन पाया जाता है, तो आपका विभाग / संगठन किसी भी अन्य अधिकार या उपाय के पूर्वाग्रह के बिना इस निविदा / बोली को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसमें पूरी बयाना राशि जब्त करना भी शामिल है।

आपका विश्वासी,

निविदादाता फर्म के अधिकृत व्यक्ति का नाम

..................................................................................

संपर्क नंबर –

( हस्ताक्षर, आधिकारिक मुहर सहित)

## <u>अनुलग्नक 'ब '</u> – गैर–ब्लैक लिस्टेड प्रमाण पत्र
## ( 100– रुपये के गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र)

मैं, .................................................................................. मेसर्स ...................................................... एकल स्वामित्व/साझेदारी फर्म/सार्वजनिक/निजी लिमिटेड कंपनी का एकमात्र स्वामी/साझेदार/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता हूं, जिसका मुख्य व्यवसाय स्थान/पंजीकृत कार्यालय .......................................................................... ...................................... (पूरा पता) में है, इसके द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं और निम्नलिखित घोषणा करता हूं:–

1– मैं एतद्वारा पुष्टि और घोषणा करता हूँ कि मेरी/हमारी फर्म/कंपनी मेसर्स ............................................. .... को आज की तिथि तक किसी भी निजी/सार्वजनिक लिमिटेड या सरकारी कंपनी/अर्धसरकारी विभाग द्वारा निविदा में भाग लेने से काली सूची में/सूचीबद्ध या प्रतिबंधित नहीं किया गया है।

2– मैं एतद्वारा पुष्टि और घोषणा करता हूँ कि मेरी/हमारी फर्म/कंपनी मेसर्स ............................................. ........................... किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल नहीं है और/या पिछले पांच वर्षों के दौरान चोरी और/या किसी अन्य आवश्यक वस्तु के किसी आपराधिक कृत्य के लिए आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

3– मैं यह भी वचन देता हूँ कि यदि ऊपर बताए गए तथ्यों में से कोई भी तथ्य तथा हमारे आवेदन में उल्लिखित कोई भी विवरण किसी भी स्तर पर अन्यथा या गलत या मिथ्या पाया जाता है, तो मेरी/हमारी फर्म/कंपनी को कैटल फीड फैक्ट्री रुद्रपुर /उत्तराखंड सहकारी डेरी फेडरेशन लिमिटेड तथा उसके सहयोगी मिल्क यूनियन की वर्तमान तथा भविष्य की निविदाओं से वंचित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, कैटल फीड फैक्ट्री रुद्रपुर/उत्तराखंड सहकारी डेरी फेडरेशन लिमिटेड ऐसी सभी कार्यवाही करने का हकदार होगा, जो उचित समझी जाए, जिसमें अनुबंध को समाप्त करना भी शामिल है, यदि अनुबंध दिया गया हो, तथा अनुबंध के समय से पहले बंद होने के कारण किसी भी प्रकार के मुआवजे का दावा नहीं किया जाएगा।

4– मैं जानता हूँ कि झूठा हलफनामा देना कानून के तहत अपराध है और इसी जानकारी के आधार पर मैंने यह हलफनामा दिया है। किसी भी झूठे बयान के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।

( फर्म स्वामी /प्रबंध साझेदार/निदेशक के हस्ताक्षर मुहर सहित)

साक्षी

दिनांक ........................ को सत्यापित किया गया कि इस शपथ पत्र के पैरा 1 से 4 की विषय–वस्तु सत्य एवं सही है तथा इसका कोई भी भाग मिथ्या नहीं है तथा इसमें कोई भी महत्वपूर्ण बात छिपाई या गलत नहीं कही गई है।

( फर्म स्वामी /प्रबंध साझेदार/निदेशक के हस्ताक्षर मुहर सहित)

साक्षी

(नोटरी के हस्ताक्षर और मुहर)

# Specification/Rebate Structure for mineral Salts

| Mineral Salt | Active element (%) | cut-off level of acceptance | | Rebate for each mineral element up to cut off level of 1st stage | Rebate for each mineral element up to cut off level of 2nd stage |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 st stage | 2 st stage | | |
| Copper Sulphate $CuSO_4$ | Cu(%):24.0 (min.) | 23.00 | 22.00 | Rebate @ 0.5% of the gross price of copper Sulphate for decrease in copper by 0.1% unit, from 24%to 23%. | Rebate @ 1% of the gross price of copper Sulphate for decrease in copper by 0.1% unit, from 23%to 22%. |
| Potassium iodide (KI) | I (%):75.0 (min.) | 74.00 | 73.00 | Rebate @0.5% of the gross cost of KI for decrease in iodine by 0.1% unit, from 75 to 74%. | Rebate @ 1% of the grosscost of KI for decrease in iodine by 0.1% unit, from 74 to 73%. |
| Cobalt Sulphate (Co $SO_4$) | Co (%):20.0 (min.) | 19.00 | 18.00 | Rebate @0.5% of the gross cost of Cobalt Sulphate for decrease in Co by 0.1% unit, from 20 to 19% | Rebate @ 1% of the gross cost of Cobalt Sulphate for decrease in Co by 0.1% unit, from 19 to 18% |
| Zinc Sulphate (Zn $SO_4$) | Zn (%):33.0 (min.) | 30.00 | 28.00 | Rebate @0.5% of the gross cost of Zinc Sulphate for decrease in Zn by 0.1% unit, from 33 to 30%. | Rebate @ 1% of the gross cost of Zinc Sulphate for decrease in Zn by 0.1% unit, from 30 to 28%. |
| Sodium thiosulphate ($Na_2S_2O_3$) | S (%):39.0 (min.) | 37.00 | 35.00 | Rebate @0.5% of the gross cost of Sodium thiosulphate for decrease in S by 0.1% unit, from 39 to 37%. | Rebate @ 1% of the gross cost of Sodium thiosulphate for decrease in S by 0.1% unit, from 37 to 35%. |
| Manganese Sulphate ($MnSO_4$) | Mn (%):31.0 (min.) | 29.00 | 27.00 | Rebate @0.5% of the gross cost of Manganese Sulphate for decrease in Mn by 0.1% unit, from 31to 29%. | Rebate @ 1% of the gross cost of Manganese Sulphate for decrease in Mn by 0.1% unit, from 29to 27%. |
| Magnesium Oxide (MgO) | Mg (%):52.0 (min.) | 50.00 | 48.00 | Rebate @0.5% of the gross cost of Magnesium Oxide for decrease in Mg by 0.1% unit, from 52 to 50%. | Rebate @ 1% of the gross cost of Magnesium Oxide for decrease in Mg by 0.1% unit, from 50 to 48%. |
| Ferrous Sulphate (Fe SO4) | Fe (%):30.0 (min.) | 28.00 | 26.00 | Rebate @0.5% of the gross cost of Ferrous Sulphate for decrease in Fe by 0.1% unit, from 30 to 28% | Rebate @1% of the gross cost of Ferrous Sulphate for decrease in Fe by 0.1% unit, from 28 to 26% |

# Specification / Rebate Structure fo Di-Calcium Phosphate (DCP), Animal Feed Grade

| S. N. | Parameter | Requirement | cut-off level of acceptance | | Rebate for each parameter up to cut off level of 1st stage | Rebate for each parameter up to cut off level of 2nd stage |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 st stage | 2 st stage | | |
| **1** | Moisture (%) max. | **5.0** | **6.0** | **7.0** | @ 0.1% of the gross price for increase in moisture by 0.1% unit, from 5 to 6%. | @ 0.2% of the gross price of increase in moisture by 0.1% unit, from 6 to 7%. |
| **2** | Calcium (%) min | **23.0** | **22.0** | **21.0** | @ 0.3% of the gross price for decrease in Ca by 0.1% unit, from 23 to 22%. | @ 0.6% of the gross price for decrease in Ca by 0.1% unit, from 22 to 21%. |
| **3** | Phosphorus (%) min | **18.0** | **17.5** | **17.0** | @ 0.2% of the gross price for decrease in P by 0.1% unit, from 18 to 17.5%. | @ 0.4% of the gross price for decrease in P by 0.1% unit, from 17.5 to 17%. |
| **4** | Fluorine (%) max | **0.10** | **0.12** | **0.14** | @ 0.5% of the gross price of increase in F by 0.01% unit, from 0.10 to 0.12%. | @ 1% of the gross price of increase in F by 0.01% unit, from 0.12 to 0.14%. |
| **5** | Silica/AIA (%) max | **1.00** | **1.50** | **2.0** | @ 0.1% of the gross price forincrease in Silica by 0.1% unit, from 1.0 to 1.5%. | @ 0.2% of the gross price forincrease in Silica by 0.1% unit, from 1.5 to 2.0%. |
| **6** | Total ash (%) min | **73.5** | **72.5** | **70** | @ 0.05% of the gross price for decrease in total ash by 0.1% unit, from 73.5 to 72.5%. | @ 0.1% of the gross price for decrease in total ash by 0.1% unit, from 72.5 to 70%. |
| **7** | Total ash (%) max | **78** | **80** | **82** | @ 0.05% of the gross price forincrease in total ash by 0.1% unit, from 78 to 80%. | @ 0.1% of the gross price forincrease in total ash by 0.1% unit, from 80 to 82%. |
| **8** | Lead (mg/kg) max | **30** | **35** | **40** | @ 0.2% of the gross price for each mg increase in lead, from 30 to 35 mg | @ 0.4% of the gross price for each mg increase in lead, from 35 to 40 mg |
| **9** | Arsenic(mg/kg) max | **10** | **12** | **15** | @ 0.2% of the gross price for each mg increase in arsenic,from 10 to 12mg. | @ 0.4% of the gross price for each mg increase in arsenic, from 12 to 15 mg. |

Note- The values for requirements at S.No.(2) are on moisture free basis.